आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802


E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# दैनिक परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 317 | छतरपुर, सोमवार 17 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## दो दिवसीय रात्रि गश्त के दौरान जिलेभर में पकड़े गये 116 फरार अपराधी



छतरपुर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम से ब्रीफिंग कर मुख्यालय एवं जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत रात्रि गश्त रवाना की गई थी। राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) के नेतृत्व में समस्त थानों में दिनांक 15-16 जून की रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान कार्यवाही की गई। जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला बदर हुए 30 आरोपियों को चेक करते हुए 38 गुंडा एवं 17 निगरानी बदमाश को चेक किया गया एवं 116 फरार वांछित अपराधी गिरफ्तार किए गए।

जिला बदर आरोपी जिले के भौगोलिक सीमा के अंदर पाए जाने पर थाना कोतवाली पुलिस ने जिला बदर किए गए आदतन अपराधी धर्मेंद्र सोनी (थाना सिविल लाइन क्षेत्र से पता बदलकर पठापुर रोड में रह रहा था) को गिरफ्तार किया। जिला बदर आरोपी सहित सात वारंटी भी गिरफ्तार किये गए। थाना नौगांव पुलिस ने वर्ष 2017 के हत्या के प्रकरण के फरार आरोपी पुष्पेंद्र यादव निवासी पलेरा जिला टीकमगढ़ को तथा मारपीट के प्रकरण के फरार आरोपी बसंत राजपूत निवासी खमा थाना अजनर जिला महोबा तथा लाल यादव ग्राम सुकवा थाना नौगांव को गिरफ्तार किया।

थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध हथियार के वर्ष 2019 के प्रकरण में फरार आरोपी प्रदीप तिवारी निवासी ग्राम ढरारी तथा वर्ष 2017 के अवैध हथियार के प्रकरण में फरार आरोपी अज्जू खान निवासी देरी रोड सहित चार वारंटी गिरफ्तार किये। थाना सटई पुलिस ने 3000 के इनामी आरोपी शैलेंद्र सिंह ग्राम चांदनी जिसके विरुद्ध थाना बड़ा मलहरा एवं थाना सटई में शासकीय कार्य में बाधा, एससी एसटी प्रकरण एवं मारपीट संबंधी अपराध दर्ज हैं, को गिरफ्तार किया। साथ ही सटई पुलिस ने अवैध हथियार के 5 साल पुराने प्रकरण के फरार अपराधी रति यादव ग्राम कुंवरपुर को भी गिरफ्तार किया है। थाना गौरिहार पुलिस ने वर्ष 2007 के अपहरण के प्रकरण के फरार आरोपी लाला उर्फ जगदीश को गिरफ्तार किया है। थाना बमनोरा पुलिस द्वारा गंभीर अपराध सहित अन्य अपराध के छह आरोपी की गिरफ्तारी, थाना बक्सवाहा पुलिस ने वर्ष 2017 के प्रकरण में फरार आरोपी भरत सिंह ग्राम जुझारपुरा तथा वर्ष 2015 के अवैध हथियार संबंधी प्रकरण के फरार आरोपी राम सिंह जरेट जिला दमोह को गिरफ्तार किया है।

थाना मातगुंवा पुलिस ने 5 साल पुराने मारपीट के प्रकरण में फरार आरोपी अशोक यादव को गिरफ्तार किया, ईशानगर पुलिस ने अवैध हथियार के फरार आरोपी पप्पू कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। थाना किशनगढ़ पुलिस ने तीन वर्ष पुराने छेड़छाड़ के प्रकरण में फरार आरोपी गोपी आदिवासी को गिरफ्तार किया है। जिले में 8 पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित 305 पुलिस अधिकारियों द्वारा जिले के सभी जिला बदर, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश को चेक करते हुए सभी ढाबा, होटल, एटीएम स्थल, बस स्टैंड भ्रमण कर चेकिंग की गई। अनावश्यक घूमते एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। कांबिंग गश्त में तीन हजार रुपये के इनामी बदमाश, एक जिला बदर आरोपी, 48 गिरफ्तारी वारंट, 25 स्थाई वारंटी व अन्य प्रकरणों के 41 आरोपी सहित 116 आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई।

## रेत खदान को लेकर बगमऊ में हंगामा

### किसान सड़कों पर लेटे, पुलिस ने संभाला मोर्चा

छतरपुर। बगमऊ में आज रविवार को ग्रामीणों ने भारी हंगामा खड़ा कर दिया। गांव वाले सड़कों पर लेट गये उनका कहना था कि उनकी जमीन से रेत से भरे डंफर नहीं निकलेंगे वरना उन्हें हमारे ऊपर से गुजरा होगा। घटना की जानकारी मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार बगमऊ की रेत खदान का संचालन एक भाजपा नेत्री द्वारा किया जा रहा है जो सत्ता के मद में आकर कहीं से भी रास्ता बनाकर अपने वाहन निकवाती हैं जिससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है इसी बात को लेकर बगमऊ के किसान हंगामा करते हुये सड़कों पर लेट गये जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी थी। टीआई





लवकुशनगर प्रशांत सेन से बातचीत की गयी तो उन्होंने बताया कि रास्ते को लेकर जो विवाद था वह अब शांत हो गया है।

### विशेष

## बड़े काम की चीज है पींठ

*पींठ बड़े काम की चीज़ होती है।ये आपके बदन का अकेला हिस्सा है जो आप से ज्यादा आपके दुश्मनों के काम आता है।वे आपकी इसी पींठ के पीछे आपकी बुराई कर लेते हैं।आपके सामने मित्र और शिष्ट बने रहने का अभिनय करते हुए जो बातें आपके मुंह पर नहीं कहीं जा सकती वे सभी बातें,ईर्ष्या,द्वेष और बैर भाव आपकी पींठ के कारण ही अभिव्यक्त कर पाते हैं।*



**अंकुर यादव**
युवा पत्रकार

*आपकी पींठ उन सभी के काम भी आती है जिनमें साहस की कमी हो लेकिन उन्हें अपने छुरे को आजमाना हो। तभी तो वे आपकी पींठ पर छुरा घोप पाते हैं।*

*पींठ तब भी बड़े काम आती है जब किसी को आपका साथ छोड़ना हो।ऐसे मौके पर जब आपको उसकी जरूरत हो वह आपको पींठ दिखा सकता है। पींठ का आपके कुकर्मों से भले ही कुछ लेना देना न हो लेकिन यही पींठ है जो आपके कुकर्मों पर सबसे ज्यादा लट्ठ खाती है।*

*पींठ बड़े काम की चीज़ है।क्योंकि पींठ के आगे जो चल रहा है वह सब झूठ है।असली भाव तो पींठ के पीछे ही कहे जाते हैं। पींठ पीछे ही संसार का असल सत्य यात्रा करता है। क्योंकि लोगों को लगता है कि पींठ पर कान नहीं होते हैं। हालांकि यह भी झूठ ही है कि पींठ पीछे जो कहा गया होता है वह छिपा रहता है। पींठ तो पींठ होती है।आप किसी की पींठ के पीछे कुछ कहकर निकलते हैं और वह व्यक्ति आपकी पींठ के पीछे वह बात उस तक पहुचा देता है जिसके बारे में आपने पींठ का उपयोग किया था।*

*समझ न आये तो दोबरा पढ़ लीजिये।क्योंकि पींठ पीछे की यह महिमा आपको शास्त्रों में नही मिलेगी।आज सुबह ही मेरी पींठ पर उतरी है।*

## अंजुमन सदर जावेद अली ने ईदुल अजहा त्योहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील



छतरपुर। भारत जहां सर्व धर्मो का देश है यहां होने वाले हर वर्ग व धर्म के लोगो के त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ परस्पर एक दूसरे के सहयोग से मनाए जाते है इसी क्रम में जिला छतरपुर के अंजुमन सदर सैय्यद जावेद अली ने बताया की 17 जून को होने वाले मुस्लिम समुदाय का पवित्र त्योहार ईदुल अजहा मनाया जायेगा जिसकी नमाज नई ईदगाह में सुबह 8 बजे और कोठी पहाड़ मस्जिद सर्किट हाउस में 8.30 पर पढ़ाई जाएगी इसके साथ शहर की विभिन्न मस्जिदों में अलग अलग समय पर नमाज का समय तय किया गया है अपनी सुविधा के हिसाब से नमाज अदा करे अंजुमन सदर जावेद अली ने जिले वासियों से अपील की है समय पर पहुंच कर नमाज अदा करे साथ ही किसी भी प्रकार की सोशल मीडिया पर गलत बयानबाजी से व किसी भी प्रकार की आपत्ति जनक फोटो वीडियो अपलोड करने से बचे और सभी धर्मो का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से अपना त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाएं समस्त छतरपुर अंजुमन कमेटी की और से सभी देशवासियों को ईदुल अजहा की मुबारकबाद।

### अवकाश सूचना

बकरीद के पावन पर्व पर दैनिक परिहार गर्जना कार्यालय दिनांक 17 जून को बंद रहेगा अत: अगला अंक 19 जून को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

## संपादकीय

# बेकाबू महंगाई से बढ़ रहीं जनता की मुश्किलें

महंगाई पर काबू पाना सरकार के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। मई में थोक महंगाई पिछले पंद्रह महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। अब यह 2.61 फीसद पर है, जबकि अप्रैल में यह 1.26 फीसद थी। इसी अवधि में पिछले वर्ष यह नकारात्मक 3.61 फीसद पर थी। जबकि इसके उलट खुदरा महंगाई मई में घट कर 4.75 फीसद पर पहुंच गई, जो इस वर्ष का सबसे निचला स्तर है। थोक महंगाई पिछले तीन महीने से लगातार बढ़ रही है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल और गैस तथा अन्य विनिर्माण उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से इस वर्ष मई में थोक महंगाई बढ़ी। खासकर सब्जियों की थोक कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखी गई। सब्जियों की थोक महंगाई दर 32.42 फीसद रही। प्याज की थोक महंगाई दर 58.05 फीसद और आलू की 64.05 फीसद दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक आमतौर पर खुदरा महंगाई दर के आधार पर अपनी मौद्रिक नीतियों में बदलाव करता है। मगर मई में खुदरा महंगाई पांच फीसद से कम होने के बावजूद उसने रेपो रेट में कोई बदलाव न करने का फैसला किया। इसलिए कि उसका अनुमान है कि अभी महंगाई का रुख अनिश्चित बना रहेगा और उसमें उतार-चढ़ाव आ सकता है।

आमतौर पर थोक महंगाई का असर खुदरा महंगाई पर पड़ता है। जो चीजें थोक में महंगी होती हैं, उनकी खुदरा कीमतें भी बढ़ती हैं। मगर बीते मई महीने में यह क्रम उलटा देखा गया। थोक महंगाई बढ़ी, पर खुदरा महंगाई कम हुई। महंगाई बढ़ने के पीछे आमतौर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का तर्क दिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से रूस-यूक्रेन युद्ध और फिर इजराइल-हमास संघर्ष के चलते दुनिया भर में आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है। विश्व अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है। जाहिर है, इसका असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है। मगर यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। भारत में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी कई वर्ष से हो रही है, जिसका प्रभाव माल ढुलाई पर देखा गया है। मई महीने में तेल की कीमतें इतनी बढ़ी भी नहीं कि उसका सीधा प्रभाव थोक महंगाई पर पड़े। फिर, खुदरा महंगाई घटी हुई कैसे दर्ज हुई, जबकि इसका असर उस पर भी पड़ना चाहिए था। दरअसल, खाने-पीने की चीजों की कीमतों में असंतुलन की बड़ी वजह अंतरराष्ट्रीय व्यापार है। महाराष्ट्र के किसान लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं कि प्याज को निर्यात के लिए खोल दिया जाए, मगर सरकार ने उस पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसकी वजह से उन्हें अपनी लागत भी नहीं मिल पा रही और खुदरा बाजार में औने-पौने दाम पर बेचना पड़ रहा है। इसके उलट, बाहर से दालों, फलों, खाद्य तेल आदि पर आयात शुल्क घटा या हटा देने की वजह से घरेलू जिंस की जगह विदेशी चीजें थोक बाजार में अधिक पहुंचने लगी हैं। यह समझना मुश्किल है कि जो खाद्य वस्तुएं अपने यहां जरूरत से अधिक पैदा हो रही हैं, उनकी घरेलू बाजार में खपत बढ़ाने पर जोर देने के बजाय विदेशी वस्तुओं की आवक क्यों बढ़ाई जाती है। खानेपीने की चीजों की कीमतें बढ़ने से आम लोगों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उनकी क्रयशक्ति बढ़ाना पहले ही बड़ी चुनौती है, तिस पर महंगाई की मार उनका जीवन दूभर बना देती है।

# गंगा दशहरा पर लाखों श्रद्धालुओं ने मां यमुना में लगाई आस्था की डुबकी, जमकर हुई पतंगबाजी; एक युवक डूबा



**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा में दशहरा के पावन पर्व पर रविवार को ब्रज में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लाखों लोगों ने यमुना में स्नान किया। इसके बाद बांके बिहारी मंदिर में आराध्य के दर्शन करें। पुलिस-प्रशासन के साथ ही मंदिर के निजी सुरक्षाकर्मी भीड़ प्रबंधन में जुटे रहे। इधर, यमुना में स्नान के दौरान गहरे पानी में उतरने से एक युवक डूब गया। उसकी तलाश जारी है।

गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सुबह से ही लाखों श्रद्धालु यमुना के घाटों पर स्नान को पहुंच गए। स्नान के बाद दान-पुण्य कर्म करते हुए वृंदावन में भक्तों ने बांके बिहारी के दर्शन किए। वहीं, मथुरा शहर में द्वारिकाधीश महाराज और श्रीकृष्ण जन्मभूमि में लोगों ने आराध्य के दर्शन किए। इधर, बरसाना में भी लाखों लोग राधा-रानी के दर्शन को पहुंचे। इधर, वृंदावन में यातायात प्रबंध न होने के चलते सुबह से ही सड़कों पर जाम लग गया। हजारों वाहन जाम में फंस गए। भीषण गर्मी में जाम में फंसने से लोग परेशान हो गए।

शहर के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के जयसिंहपुरा इलाके में यमुना घाट पर स्नान को पहुंचा एक युवक गहरे पानी के में जाने के कारण डूब गया। 21 वर्षीय सलमान पुत्र कय्यूम निवासी जयसिंहपुरा खादर, गणेश टीला डूब गया। पुलिस, गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हैं।

दशहरा पर पतंगबाजी भी पूरे शहर में जमकर हुई। जवाहर पार्क में सुबह छह बजे लोग टहलने को पहुंचे। इसके बाद योगाभ्यास किया। फिर त्योहार के उल्लास में जमकर पतंगबाजी की। यहां खान-पान का इंतजाम भी किया गया। महिलाओं ने गीत गाए। दोपहर 12 बजे तक यह उल्लास यूं ही चलता रहा। जगह जगह शरवत की प्याऊ लगाई गई और बच्चों को पतंग बांटी जाती देखी गई।

# गीता शोध संस्थान और भातखंडे संस्कृति विवि का रासलीला प्रशिक्षण जारी

## रासलीला के साथ गायन, वादन, कत्थक, अभिनय का प्रशिक्षण

परिहार गर्जना न्यूज वृंदावन। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में वर्तमान में गायन, वादन, कत्थक, अभिनय के साथ रासलीला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के सहयोग से चल रहा है। एन के ग्रुप कार्यशाला और मंचन का सह प्रायोजक है।




यह प्रशिक्षण 25 मई से 25 जून तक चलेगा। अकादमी के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना के निर्देशन में ये कार्यशाला रोजाना प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक सुचारू रूप से चल रही है। ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा.उमेश चन्द्र शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। कार्यशाला का संयोजन और समन्वय श्री चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार कर रहे हैं।

अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कत्थक नृत्यांगना डॉ मीरा दीक्षित के निर्देशन में बालक व बालिकाओं को कत्थक सिखाया जा रहा है। डा मीरा दीक्षित जी 25 वर्ष भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ में संगीत की ऐसोसिएट प्रोफेसर रह चुकी हैं। वृंदावन से विभिन्न इंटरमीडिएट कॉलेज के लगभग 35 छात्र-छात्राएं उक्त रासलीला का प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से प्राप्त कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह से नि:शुल्क है। इस प्रशिक्षण में %गोपीगीत% महारास के पदों पर गायन, वादन, नृत्य व अभिनय सिखाया जा रहा है। हारमोनियम पर श्री आकाश शर्मा, तबला एवं पखावज पर श्री सुनील कुमार पाठक, सारंगी पर श्री मनमोहन कौशिक, गायन में श्री धनंजय शर्मा एवं वंशी पर श्री दीनानाथ चरण दास तथा थ्योरी/स्क्रिप्ट पर श्री जगदीश प्रकाश पथसारिया प्रशिक्षण दे रहे हैं।

प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित छात्र/छात्राओं द्वारा 26 जून को वृंदावन में महारास %गोपीगीत% का मंचन किया जाएगा। गोपीगीत के रचयिता एनके ग्रुप के एमडी श्री कपिल देव उपाध्याय के पिता कविवर स्व छैल बिहारी उपाध्याय हैं। विदित हो कि विगत वर्ष भी रासलीला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

# नगर परिषद खजुराहो में हुआ जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम मुख्यमंत्री जी लाइव प्रसारण



परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। 5 जून से 16 जून तक गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। अभियान अंतर्गत जल स्तोत्रों, नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन पर कार्य किया गया। खजुराहो में जल गंगा संवर्धन अभियान का कलेक्टर संदीप जीआर के मार्गदर्शन में अरुण अवस्थी एवं सीएमओ बसंत चतुर्वेदी के निर्देशन में प्राथमिकता से क्रियान्वयन किया गया। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ यादव उज्जैन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पुरातात्विक धरोहर मोदी का चोपड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी को जल स्त्रोत के संरक्षण और संवर्धन की शपथ दिलाई। पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का नगर परिषद खजुराहो द्वारा लाइव प्रसारण कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण अवस्थी सहित पार्षदगण एवं नगर परिषद से समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# हरिओम शुक्ला हत्याकांड के दो और आरोपी अवैध असलहों सहित गिरफ्तार

छतरपुर। दिनांक 25 मार्च को महोबा रोड में विवाद के कारण गोली चलने से हरिओम शुक्ला की मृत्यु हो गई थी। घटनास्थल का बारीकी से भौतिक निरीक्षण करते हुए एकत्रित साक्ष्य, सक्षियों के कथनों एवं फरियादी के कथनों तथा चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर हत्या करने वाले आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना एवं आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी गई।



पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुजूर एवं गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में पूर्व में 13 आरोपीगणों आकाश यादव निवासी छतरपुर, अजय उर्फ दीपू विश्वकर्मा हथियार विक्रेता ग्राम गहरवार, आकाश शर्मा, अजय राय, गोलू विश्वकर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, सौरभ सैनी, सुमित कुशवाहा, शिवम सोनी, अवधेश प्रताप सिंह, अजय राजपूत, सुधांशु रावत निवासी ग्राम पिपट, छोटू पंडित, अभिषेक परिहार को गिरफ्तार कर जेल एवं 3 विधि विरुद्ध किशोर को बाल सुधार गृह भेजा गया था। हत्या में सम्मिलित अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। एकत्रित साक्ष्य के आधार पर हत्या की घटना में सुनियोजित तरीके से सम्मिलित दो आरोपियों अजय श्रीवास उर्फ पप्पू उम्र 21 वर्ष निवासी बी डी कॉलोनी देरी रोड छतरपुर एवं पृथ्वीराज सिंह चंदेल उर्फ छोटू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम देरी को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। दोनों ने हत्या की घटना में सम्मिलित होना स्वीकार किया। उक्त गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक अपाचे मोटरसाइकिल, दो 315 बोर के अवैध देशी कट्टे एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया गया। उक्त अभियुक्तों को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुजूर, उप निरीक्षक नंद किशोर सोलंकी, उप निरीक्षक आरएस चौधरी, उपनिरीक्षक राहुल शुक्ला एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बच्चे हमारे समाज की अमूल्य धरोहर है- डॉक्टर गंनवानी

## बच्चो ने नाटक और कार्यक्रमों के माध्यम से दी शिक्षा वर्धन प्रस्तुति

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। विशाल निरंकारी बाल समागम संपन्न सागर दिनांक 16 जून दिन रविवार को संत निरंकारी मिशन सागर जोन नंबर 25८ का जोनल निरंकारी बाल समागम आज संपन्न हुआ । सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से निरंकारी बाल समागम का आयोजन किया गया?। बाल समागम कीअध्यक्षता रतलाम जिले से पधारे आदरणीय महात्मा डॉक्टर विशाल गंनवानी जी ने की। आगे जानकारी देते हुए मीडिया सहायक सुनील कुमार मनवानी ने बताया कीआज संत कंवर राम वार्ड स्थित सिंधी कॉलोनी झूलेलाल सामुदायिक हाल में विशाल निरंकारी बाल समागम का समागम का आयोजन किया गया सुबह 11ः00 से दोपहर 1ः30 बजे तक इस निरंकारी समागम का आयोजन किया गया।









डॉक्टर विशाल गंनवानी जी ने आगे फरमाया कि आज निरंकारी स्कट नाटक के माध्यम द्वारा और यह जो आज बच्चों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी जिसमें कि यह दिखाया गया कि आज का युवा कुछ खराब संगत में पहुंचकर नशा आदि में जुड़ रहा है तो उसके लिए यह निरंकारी बाल समागम के आयोजन किए गए कि निरंकारी सत्संग से जुड़िए और इस निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के द्वारा जो यह ब्रह्म ज्ञान प्राप्त किया जा रहा है इस ज्ञान को पाकर मनुष्य जीवन जीने का जो यह सालीका सीखे आज के बच्चे सीखें कैसे सत्संग कैसे सुमिरन, सेवा ,सत्संग किया जाता है और जो दूसरी बुराइयां हैं उनसे दूर हट कर इस निराकार प्रभु परमात्मा जो अंग संग है कण-कण में व्यापक है इसको जानकर इसकी भक्ति करें और यह जो मानव जीवन का उद्देश्य है वह अपना पूर्ण करें आगे महात्माओं ने फरमाया दास बचपन से ही इस निरंकारी मिशन से जुड़ा हुआ है ।और इस निरंकारी मिशन में एक दूसरे का सत्कार एक दूसरे को प्यार एक दूसरे को मिल वर्तन की भावना को यहां सिखाया जाता है । और यह आध्यात्मिक मिशन है यह निरंकारी मिशन से जुड़कर दास का भी जीवन धन्य हुआ है दास सतगुरु माता जी के चरणों में अरदास करेगा की आप सभी बच्चों के जीवन में भी खुशहाली आए ।

सभी बच्चों ने आज जो यह एक्ट के माध्यम से बताया कि प्रभु परमात्मा से जुड़कर निराकार को जानकर इसकी भक्ति करें और दास ने आज जो निरंकारी एग्जिबिशन प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया इसमें भी कई ऐसे ऐसे प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए जिसमें रक्तदान महादान, और अमृत जल संरक्षण वृक्षा रोपण के तहत एवं ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति एवं इस निराकार को जानकर इस बुरी संगत में न पड़े और अच्छी संगत में पड़कर सेवा सिमरन सत्संग के द्वारा और पाठशाला के माध्यम से भी बहुत ही सुंदर प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई दास को यहां आकर बहुत अच्छा लगा। आभार व्यक्त सागर जोनल इंचार्ज आदरणीय महात्मा नारायण दास जी ने सभी मुखी, प्रमुख महात्माओं के साथ मिलकर आए हुए महात्माओं का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया एवं आए हुए सभी साथ संगत का बाहर से आए हुए मुखी महात्माओं का आभार व्यक्त किया एवं इस सत्संग प्रोग्राम में बीना, खुरई ,गुना ,विदिशा , बंडा,गढ़ाकोटा एवं अन्य कई जिलों से बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सभी का व्यक्त किया अन्य वक्ताओं में वेदिका मोटवानी विदिशा स्पीच द्वारा आशीष गुप्ता जी गुना पूनम पटेल सागर मान्या और ग्रुप सागर से ट्राई स्क्रिप्ट तनु नाहर जी बीना इंग्लिश स्पीच ख्याति पटेल आस्था शर्मा जी हर्षित और ग्रुप मंडी बामोरा स्क्रिप्ट के माध्यम से शोभा एंड ग्रुप बिना ग्रुप सॉन्ग रोशनी एवं ग्रुप सागर योगा ग्रुप स्किट विशाल निरंकारी सागर इंग्लिश स्पीच बाल संगत ग्रुप विदिशा बाल संगत का महत्व स्क्रिप्ट बाल संगत गुना ग्रुप सॉन्ग मिस्टी एंड ग्रुप सागर बाल संस्कार स्क्रिप्ट सुदीक्षा कृष और गौरव ह्यूमन लाइफ स्क्रिप्ट खुशी और ग्रुप बीना स्क्रिप्ट आर्ची और पलक ग्रुप सागर तो खुदा की स्टेट वर्षा सुंदरानी स्पीच ट्विंकल मोटवानी मंगलाचरण सत्संग के पश्चातलंगर प्रसादी की भी व्यवस्था बहुत ही सुंदर रूप से निरंकारी सेवादल के महात्माओं द्वारा की गई थी एवं सभी ने एग्जिबिशन प्रदर्शनी को भी बहुत ही सुंदर सभी ने प्रशंसा की इस सत्संग प्रोग्राम में लगभग 800 से 900 बच्चो भाई बहनो ने बढ़-चढ कर हिस्सा लिया।

# कृषि मंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बीना स्टेशन पर हुआ जोरदार भव्य स्वागत

## शिवराज सिंह चौहान से मिलने पहुंचे समर्थक,भाजपा कार्यकर्ताओं ने भेंट की गदा

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार भोपाल जा रहे शिवराज सिंह चौहान का रविवार को बीना रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों सहित आमजन ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान स्टेशन पर पहुंचे लोगों ने उनके साथ फोटो भी ली।



***जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने किया स्वागत***

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा की शिवराज जी किसान पुत्र होने के साथ-साथ जमीन से जुड़े नेता है और किस का सुख दुख समझते हैं प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनको यह जिम्मेदारी देकर पूरे मध्य प्रदेश को गौरांवित किया है।

***विधायक निर्मला सप्रे की भेंट स्वागत कर दी शुभकामनाएं***

विधायक निर्मला सप्रे ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर शुभकामनाएं दी एवं उन्होंने कहा कि बड़े ही हर्ष का विषय है की जैसे मध्य प्रदेश में जिस तरह केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने किसानों के लिए जो हित के काम किये है उसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिवराज सिंह चौहान को कैबिनेट मंत्रिमंडल में शामिल कर मध्य प्रदेश को एक नई सौगात दी है निश्चित तौर पर शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होना हम सबके लिए एवं मध्य प्रदेश की जनता के लिए हर्ष का विषय है।

***पूर्व विधायक महेश राय ने किया स्वागत***

पूर्व विधायक महेश राय ने कहा कि केन्द्र में जब मंत्रिमंडल के गठन के बाद पहली बार केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शताब्दी एक्सप्रेस से मध्य प्रदेश में आ रहे हैं उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान दिल्ली से यात्रा शुरू कर भोपाल पहुंच रहे हैं आज हम सभी बड़ी संख्या में बीना में कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी का ऐतिहासिक जोरदार फूल मालाओं से स्वागत हुआ है इतिहास में बीना में पहली बार शिवराज सिंह चौहान जी का स्वागत देखने को मिला है क्योंकि मंत्री जी का जनता जनार्दन से डायरेक्ट उनका जुड़ाव है आज हमने अपने नेता का सभी बीना विधानसभा के क्षेत्र के लोगो ने स्वागत किया है।

इस अवसर पर स्वागत करने वालों में पूर्व विधायक श्रीमती विनोद पंथी, संजय बापट, प्रदेश सदस्य शशि कैथोरिया, मनोज शर्मा, विजय हुरकट, करोड़ी लाल यादव, कुंवर सिंह ठाकुर, अजवीर सिंह ठाकुर, शशि कुशवाहा, रमेश जड़िया, राजेंद्र ठाकुर, सचिन समैया ,लोकेंद्र सिंह ठाकुर, चितर सिंह, सहित पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शताब्दी एक्सप्रेस से रविवार को दिल्ली से भोपाल जाते समय बीना स्टेशन पर पहुंचे। जहां वह एक अलग ही अंदाज में दिखे। बीना रेलवे स्टेशन से निकलने के पहले ही कार्यकर्ताओं में खुशी देखने को मिली।

जैसे ही रविवार दोपहर को बीना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर शताब्दी एक्सप्रेस पहुंची तो शिवराज सिंह चौहान ट्रेन के गेट पर पहुंच गए थे। गेट पर खड़े होने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनको मुकदर (गदा) भेंट किया। ट्रेन बीना रेलवे स्टेशन पर करीब 7 मिनट तक खड़ी रही। इस दौरान केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उन्हें देखने के लिए स्टेशन पर समर्थकों का हुजूम देखने को मिला।

# 04 राजपत्रित अधिकारियों सहित 213 पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा की गई कांबिंग गस्त

## गुंडे, बदमाशों, संदिग्ध व्यक्तियों पर दी पुलिस ने दविश, की गई कार्यवाहियां



**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले में बढ़ते अपराधों एवं सड़क हादसों को लेकर पुलिस प्रशासन में चिंता लाजमी है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अपराधों पर काबू पाने और फरार बदमाशों की धरपकड़ करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अनेक आरोपियों की जहां गिरफ्तारियां की गई, वहीं दूसरी ओर चोरी, जुआ, सट्टा और अवैध शराब आदि अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस को कामयाबी मिली है। बीते रोज कांबिंग गश्त के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई के बाद से बदमाशों में खलबली मची हुई है। बताया गया है कि पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना भापुसे द्वारा 15-16 जून 24 की रात्रि प्रदेश व्यापी नाइट कांबिंग गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ राहुल कटरे व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में टीकमगढ़ पुलिस द्वारा 15,16 जून 24 की रात्रि टीकमगढ़ जिले के चार राजपत्रित अधिकारी सहित 213 पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा औचक नाइट कांबिंग गस्त कर गिरफ्तारी, फरारी, ईनामी, निगरानी, गुंडा बदमाशों, अवैध शराब कारोबारियों, अवैध हथियार रखने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, जिला बदर आरोपियों को चेक कर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभावी कार्यवाहियां की गई। बताया गया है कि कांबिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 51 गिरफ्तारी वारंटो की तामीली की गई एवं 09 स्थाई वारंट तामील किए गए। पुलिस ने इस दौरान 21 जिला बदर आरोपियों को चेक किया गया। बताया गया है कि इसी दौरान दो आरोपियों की अन्य अपराधों में गिरफ्तारी की गई। टीकमगढ़ पुलिस ने जनता से अपील की है कि क्षेत्र में चल रही किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी यदि किसी को लगती है, तो तत्काल टीकमगढ़ पुलिस को दें, जिससे तत्काल कार्रवाई की जा सके।

# लक्ष्य असेसमेंट के लिए टीकमगढ़ पहुंची दो सदस्यीय टीम

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। भारत शासन के निर्देश अनुसार रविवार को दो सदस्यीय नेशनल टीम लक्ष्य असेसमेंट के लिए टीकमगढ़ पहुंची। टीम में श्रीमति रेखा यादव एवं श्रीमति सुगनथिरा के नाम शामिल हैं। बताया गया है कि टीम द्वारा लक्ष्य मूल्यांकन के लिए जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलेरा का मूल्यांकन किया। डॉ.पी.के.माहौर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में नेशनल मूल्यांकन में



सफल होने के लिए गाइडलाइन अनुसार तैयारी की गई। लक्ष्य मूल्यांकन में लेबर रूम एवं मेटरनिटी वार्ड में महिलाओ को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जा रही है इसका प्रत्यक्ष रूप से बिन्दुबार मूल्यांकन टीम द्वारा किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों ने टीम का स्वागत किया, टीम द्वारा चाही गई वांछित जानकारी शेयर की, टीम ने प्रपत्र के निर्धारित बिंदु अनुसार मूल्यांकन एवं सत्यापन के माध्यम से लक्ष्य असेसमेंट कर टीम सदस्य रेखा यादव जी सुगनथिरा जी रिपोर्ट तैयार कर शासन स्तर पर सौंपेंगी। लक्ष्य असेसमेंट के दौरान सीएमएचओ श्री शोभाराम रोशन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पी.के.माहौर सिविल सर्जन श्री अमित शुक्ला, डॉ.रेखा बडगैईया, डॉ.आभा सिंह श्री मती कंचन तिवारी सरोज प्रजापति नर्सिंग ऑफीसर डॉ.महेन्द्र पटेल, बी.एम.ओ.सहित नर्सिंग ऑफीसर सहित स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समूह अध्यक्ष तीन साल से लगा रही अधिकारियों के चक्कर, राशन विक्रेता नहीं दे रहा मध्यान्ह भोजन का राशन

## राशन विक्रेता इमलिया, कन्नपुर ने किया 65 क्विंटल गेहूं, चावल मध्यान्ह भोजन राशन का घपला

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़ । बल्देवगढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक साख सहकारी समिति पटोरी अंतर्गत राशन दुकानें इमलिया, कन्नपुर और खरीला में मध्यान्ह भोजन योजना राशन घोटाला में फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि शासकीय माध्यमिक शाला इमलिया में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत राशन तीन



साल से नहीं मिला रहा है। स्कूल में दिसम्बर 2020 गेहूं, चावल 141 क्विंटल और जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर 2021 तक शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोड 304108 कन्नपुर से 24 क्विंटल गेहूं और 4 क्विंटल 58 किलो चावल और इमलिया दुकान कोड 304134 महिला काली माता स्व सहायता समूह सेल्समेन की मनमानी आए दिन की जा रही है, जिसमें मार्च से लेकर अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर, नम्बर, दिसम्बर तक 40 क्विंटल गेहूं और 5 क्विंटल 77 किलो चावल राशन नहीं मिल रहा है। आलम यह है कि हटा संकुल केंद्र अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला इमलिया में मध्यान्ह भोजन बांटने का काम कर रही नवीन सिंह वाहिनी महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती कोमल राजा बुंदेला ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन लेकर कलेक्टर जन सुनवाई में भी शिकायत करने के बाद भी राशन दुकानदार और खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी की मनमानी करते आ रहे हैं। बताया गया है कि मनमानी के चलते मध्यान्ह भोजन योजना के तहत शासकीय मिडिल स्कूल इमलिया में समूह की अध्यक्ष ने सीएम हेल्पलाइन से लेकर कलेक्टर कार्यालय के तीन साल लगातार चक्कर काट रही हैं। शिकायातों के बाद भी जिम्मेदारी अधिकारियों की मौन स्वीकृति की वजह तीन साल निकलने के बाद भी राशन नहीं दिया जा रहा है। समूह संचालक ने बीआरसी, एमडीएम प्रभारी, संबंधित राशन दुकान सहित जिला पंचायत लेकर कलेक्टर कार्यालय के चक्कर भी लगाए। इसके बाद भी अब तक राशन नहीं बांटा गया । उन्होंने इस दिशा में ठोस कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया है।

***सीएम हेल्पलाइन शिकायत***

शिकायतकर्ता श्रीमती कोमल राजा बुंदेला ने बताया कि माध्यमिक शाला इमलिया में नवीन सिंहवाहिनी महिला स्व सहायता समूह ने 11 मई 2024 में 181 सीएम हेल्पलाइन नम्बर 27106554 पर सेल्समैन द्वारा एमडीएम राशन न देने शिकायत की। जिसमें मध्यान्ह भोजन योजना के तहत नवीन सिंह वाहिनी महिला स्व सहायता समूह को शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोड 304108 कन्नपुर से 28 क्विंटल गेहूं, 4 क्विंटल 77 किलो चावल, इमलिया से काली माता स्व सहायता समूह का दुकान कोड 304134 समूह सेल्समेन से 40 क्विंटल 57 किलो गेहूं, 5 क्विंटल 77 किलो चावल कुल दोनो सेल्समैन से 65 क्विंटल गेहूं, 10 क्विंटल 34 किलो चावला मध्यान्ह भोजन राशन सेल्समैन तीन साल नहीं दे रहा है।

# शोपीस बनी 90 लाख की लागत से बनी पानी की टंकी

## अधिकारी उड़ा रहे योजनाओं की धज्जियां, कैसे मिलेगा लोगों को योजनाओं लाभ

परिहार गर्जना न्यूज। जतारा। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मचौरा में 90 लाख की लागत से बन रही पानी की टंकी शोपीस बनकर रह गई है, जिसमें ग्राम पंचायत में लगभग छोटे बड़े चार खिरक आते हैं। जिनमें हिंदोखर, पथरीगढ़, गचीना और मचौरा शामिल हैं। बताया गया है कि जिसमें लोगों को पानी सप्लाई के लिए लाइन तो डाल दी गई है, लेकिन अब पानी नहीं मिल पा रहा है। टंकी को बने हुए करीब 7 से 8 माह गुजर गए हैं, लेकिन अब तक ग्रामीणों को इस टंकी का पानी उपलब्ध नहीं हो सका है। ग्रामीण पानी के लिए 2 किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। वह अपने घरों में परिवार एवं जानवरों के लिए पीने का पानी भर रहे हैं। बताया गया है जलसंकट के चलते गांवों में रहने वाले लोगों के साथ ही जानवरों को भी पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत मचौरा के सरपंच द्वारा लगभग एक किलोमीटर दूर से एक कुएं में मोटर डालकर लोगों को पानी सप्लाई किया जा रहा है। पीएचई के एसडीओ द्वारा बताया गया कि पथरीगढ गांव में पानी की सप्लाई सुचारू रूप से चालू है, लेकिन जब धरातल पर देखा तो ना टंकी में पानी है और ना ही टंकी में पानी भरने के लिए कोई बिजली कनेक्शन है। आश्चर्य की बात तो यह है कि जब बिजली कनेक्शन नहीं है, तो टंकी कहां से भरी जा रही है। पानी की सप्लाई कैसे हो रही है, यह तो अधिकारी ही बता सकते हैं। बताया गया है कि इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर ग्राम पंचायत मचौरा के भाग चंद्र राजपूत ने की। ग्राम पंचायत मचौरा में नल जल योजना की टंकी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। पाइप लाइन डाले जाने से सारे इलाके की सीसी सड़क खुदी हुई पड़ी हैं। यहां सीसी दोबारा नहीं डाली गई। बताया गया है कि यहां वाहनों के निकलने से नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि इसमें ठेकेदार से



कई बार कहा गया, लेकिन वह कुछ समस्या का समाधान नहीं कर रहा है । शिकायतकर्ता भागचंद राजपूत का कहना है कि पीएचई के एसडीओ द्वारा इस कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण ग्रामीण लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल समस्या के निराकरण के बारे में पीएचई के एसडीओ श्री कटारे ने कहा कि ग्राम पंचायत मचौरा की नल जल योजना का कार्य वर्तमान में प्रगतिरत है और योजना अंतर्गत ग्राम पथरीगढ़ खिरक में जल प्रपात योजना चालू है। जल्दी ही अन्य ग्रामीण खिरकों में भी पानी की सुविधा सुचारू रूप से चालू हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा है कि अपनी शिकायत के जवाब में ठेकेदार द्वारा खोदी गई सीसी रोड को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इसका मेंटेनेंस पूरा कर दिया गया है, जिससे लोगों को निकलने में और वाहनों को निकालने में कोई भी परेशानी नहीं होगी। ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन कई जगह तो ऊपर ही रख दी गई है और ऊपर से केवल सीमेंट लगा दिया गया है, जिससे कभी भी भारी वाहन निकालने में जैसे ट्रैक्टर आदि निकालने में कभी भी वह पाइप टूट सकता है। ठेकेदार का कहना है कि अभी हमने पीएचई विभाग के हैंड ओवर पानी की टंकी नहीं की है। हमारा कुछ काम बाकी है, जिसे हम जल्दी शीघ्र पूरा करेंगे। इसी प्रकार पीएचई के एसडीओ कहते हैं कि पानी की सप्लाई चालू है। अब इसमें कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ बोल रहा है, यह नहीं कहा जा सकता। अधिकारी का कहना है कि पानी मिल रहा है और ग्रामीणों का कहना है कि पानी नहीं मिल रहा है, तो वहीं 52 वर्षीय राम कुमार रैकवार का कहना है कि हमें पानी दो किलोमीटर तालाब से लाना पड़ता है। इसी प्रकार रामदेवी रैकवार का कहना है कि हमें भी पानी बहुत दूर से लाना पड़ता है। ग्राम के ही ग्रामीणों में गयासी लाल रैकवार, रतिराम रैकवार, रघुवीर रैकवार, सौभरन रैकवार, सरजू बाई रैकवार, सुमन रैकवार, सुषमा देवी रैकवार, राजकुमारी रैकवार, राम कुमार रैकवार , पुकखन रैकवार, राम देवी रैकवार, केसवारी रैकवार, राजा बेटी रैकवार, मिथिला रैकवार आदि ग्रामीणों ने बताया कि हमारे यहां पानी की समस्या बहुत ही विकराल है। जब ऐसी गर्मी में हमें पानी नहीं मिल रहा है, तो हम आगे क्या करें। जब की पथरीगढ़ में पूरे रैकवार समाज के लोग रहते हैं। जब इस संबंध में पीएचई एसडीओ से बात करना चाही, तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

# बंधुआ मजदूरी से इंकार करने पर दबंगों ने मां-बेटी के साथ जमकर मारपीट

## थाना पवई में मामला दर्ज, आरोपी दे रहे धमकी, पुलिस अधीक्षक से न्याय व सुरक्षा की लगाई गुहार



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के पवई थाना अंतर्गत ग्राम सिमरी में बंधुआ मजदूरी करने से इंकार करने पर अनुसूचित जाति कि बुजुर्ग महिला और उसकी बेटी को दबंगों के द्वारा दौड़ा-दौड़ा कर लाठियों से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पवई थाना में धारा 294, 323, 506, 34 एवं एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के द्वारा शिकायत वापसी हेतु धमकी दिए जाने पर फरियादिया शिकंती बाई पति स्व हक्का चैधरी उम्र 55 साल निवासी ग्राम सिमरी ने अपनी बेटी उमा चैधरी उम्र 35 साल और पुत्र रामऔतार चैधरी उम्र 20 साल के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना पहुंच कर शिकायती आवेदन सौंप कर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। शिकंती बाई ने बताया कि मेरा लड़का रामऔतार 2 माह पहले गाँव के देवेन्द्र तिवारी के यहाँ मजदूरी करता था, घटना दिनांक को सुबह 9 बजे देवेन्द्र तिवारी मेरे घर आकर बोला कि तेरा लड़का मजदूरी करने क्यों नहीं आ रहा तो मैनें कहा कि उसे अपनी बहन को छोड़ने जाना है। जिससे देवेन्द्र नाराज हो गया और बोला कि तेरा लडका काम पर नहीं आया तो जहां मिलेगा वहीं मारेंगे कहते हुए वह चला गया, डर के कारण मैं अपनी बेटी उमा के साथ देवेन्द्र तिवारी के खेत पहुंच कर कहा कि आप मेरे लड़के को मत मारना कहो तो आपके पैसे लौटा देंगे, जिससे देवेन्द्र मुझे और मेरी लड़की को अश्लील एवं जाती सूचक गालियां देने लगा, गाली देने से मना करने पर लाठी से पीटने लगा, बेटी ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी पीटा, तभी वहां नरेन्द्र सिंह निवासी बूढ़ा आ गया और हमें जाति सूचक व अश्लील गालिया देते हुए देवेन्द्र से बोला कि और मारो ये बहुत बढ़ गई हैं। पवई थाना शिकायत करने पर धारा 294, 323, 506, 34 एवं एससी एसटी एक्ट का अपराध कायम किया गया है। दबंगों के द्वारा शिकायत वापसी के लिए धमकी दी जा रही है, जिससे पीड़ित परिवार के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन सौंप कर न्याय एवं सुरक्षा की गुहार लगाई गई है।

# गुनौर तहसील मुख्यालय मे दो लाख की चोरी नगदी तथा जेवरात ले गये चोर

## पुलिस ने किया मामला दर्ज




परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/गुनौर तहसील मुख्यालय मे चोरी की घटनाए बढने लगी है बीते दिवस 14 जून को दिन मे ही अज्ञात चोरो द्वारा घर के ताला तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसमें जेवरात तथा नगदी चुराने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार फरियादी राजेन्द्र प्रसाद चौबे पिता नन्द किशोर उर्म 59 वर्ष निवासी मुडवारी थाना पवई हाल निवास साकेत नगर कोलोनी गुनौर ने पुलिस थाने मे आवेदन देकर बताया कि 14.06.2024 को वह घर मे ताला लगाकर अपने गांव मुडवारी परिवार सहित गये हुए थे। जब वह साम को आठ बजे वापिस गुनौर लौटे तो घर के सभी ताले टूटे हुए थे एवं सामान बिखरा हुआ था। जिसमें चोरो द्वारा सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी 50 हजार चोर चुराकर ले गये। तथा अन्य स्थान पर रखे 38 हजार रूपये वहीं छोड गयें। पुलिस के अनुसार जेवरात लगभग 1 लाख 47 हजार के आंके गये है तथा 50 हजार नगदी मिलाकर 1 लाख 97 हजार की चोरी की गई है। जबकी फरियादी द्वारा जेवरात का आंकलन और अधिक बताया जा रहा है। चौबे ने बताया कि मै गुनौर मे प्राईवेट शिक्षक हू तथा पन्द्रह वर्ष से गुनौर साकेत नगर मे मे मकान बना कर रहता हूँ। दोनो लडके इन्दौर मे पढते है। घर मे ताला लगा हुआ था। उसी दौरान अज्ञात चोरो द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने पन्द्रह जून को मामला दर्ज किया। जिसमें धारा 454, 380 के तहत अज्ञात चोरो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## मनमाने ढंग से किये जा रहे शासकीय आवास आबंटित सेवानिवृत्त कर्मचारी भी जमाए है अवैध कब्जा

पन्ना/कलेक्ट्रेट की सामान्य शाखा में कई जरूरतमंद कर्मचारियों के शासकीय आवास हेतु आवेदन जमा है परंतु शासकीय आवास उन्हीं को मिल पाता है जो मोटी रकम दे सकें वरना उनको लिपिक और अधिकारी कई चक्कर कटवाता रहता है। बताते चलें की मोटी रकम के बल पर ही रिटायर होने के बाद भी शासकीय आवास में बेखौफ शासकीय कर्मचारी अभी भी जमें है। ऐसा ही मामला सूचना के अधिकार के तहत् प्राप्त जानकारी से प्रकाश में आया है कि नगर के हिरण बाग के अंतर्गत् लोक निर्माण विभाग के नवीन आवास गृह क्रमांक 72 में जिला जनसंपर्क कार्यालय का वाहन चालक श्रीपत दहायत रिटायर होने के बाद भी लिपिक और अधिकारी की मिली भगत से शासकीय आवास बेखौफ जमे हुए है और शासकीय आवास की विभिन्न सुविधाऐं प्राप्त कर जो शासकीय आवास छोड़ना नहीं चाहता। क्योंकि शासकीय आवास की कुछ सुख सुविधाऐं प्राइवेट मकान में रहने की अपेक्षा एक प्रकार से मुफ्त स्वरूप होती हैं इसलिए शासकीय आवास उन्हीं को मिल पाता है जो मोटी रकम देते हैं जहां कोई सोर्स सिफारिश नहीं चलती, यहां तक की जनप्रतिनिधियों की अनुसंशाऐं भी दर किनार कर जाती हैं, जिसके कई उदाहरण हैं।

# कल्दा रेन्ज के अमरई बीट में हुआ मोर का शिकार, शिकारी फरार

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के दक्षिण वन मंडल अन्तर्गत कल्दा रेन्ज के अन्तर्गत अमरई बीट मे बीते 14 जून को अज्ञात शिकारीयो द्वारा एक मोर का शिकार किया गया है तथा शिकारीयों को वन कर्मियो की जानकारी मिलने पर मोर को वहीं म्रत अवस्था मे छोडकर भाग गयें। जिसकी जानकारी वन कर्मियो को प्राप्त होने पर तत्काल उक्त म्रतक मोर को अपने कब्जे मे लिया गया तथा घटना की जानकारी वरिष्ट अधिकारीयो को दी गई। वनमंडलाधिकारी पूनीत सोनकर ने मामले की पुष्टी करते हुए बताया कि शिकार का मामला सामने आया है। शिकारीयो द्वारा मोर का शिकार किया गया है। आरोपी जल्द ही पकड लिये जायेगें। फिलहाल मोर का पोस्ट मार्टम कराने के लिए वन्य जीव विशेषज्ञय से कराने के लिए पन्ना लाया गया है। जिसकी प्रकिया चल रही है। फिलहाल टाईगर रिजर्व के वन्य जीव चिकित्सक डॉक्टर संजीव गुप्ता टीकमगढ गये हुए है। जैसे ही पन्ना आयेगें, पोस्ट मार्टम की प्रकिया पूर्ण की जायेगी। वनमंडलाधिकारी सोनकर ने कहा कि शिकार करने वाले बचेगें नही उन्हे जल्द ही दबोच लिया जायेगा।

# विवाहिता शाली को शादी का झासा देकर जीजा करता रहा दुष्कर्म अमानगंज थाना मे मामला दर्ज

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम हिनौती का एक मामला सामने आया है जहां एक विवाहिता को उसके रिश्ते के जीजा द्वारा शादी का झांसा देकर एक साल से दुष्कर्म किया जा रहा था। जब शाली को गर्भ ठहरने की जानकारी हुई तो उसके द्वारा पन्ना पंहुचकर महिला थाना मे अपने ब्यान दर्ज कराये। इसके बाद आरोपी जीजा फरार हो गया है। आरोपी जीजा लाल सिंह राजपूत ग्राम मनिया का बताया जा रहा है। पुलिस के द्वारा महिला को मेडिकल चेकअप के लिए जिला अस्पताल पन्ना लाया गया लेकिन दूसरे दिन भी महिला का चेकअप नहीं हो सका जिससे महिला जिला अस्पताल पन्ना में डॉक्टर के इंतजार में बैठी रही, बताया गया है कि जिला अस्पताल पन्ना में सेकंड क्लास महिला डॉक्टर नहीं होने से दुष्कर्म पीड़ित महिलाओं को मेडिकल चेकअप में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि फर्स्ट क्लास महिला डॉक्टर के द्वारा हाईकोर्ट के किसी आदेश का हवाला देकर एमएलसी करने से इनकार किया जा रहा है। यह तीसरी घटना है जब जिला चिकित्सालय पन्ना मे महिला का मेडिकल परिक्षण कराने के लिए दो दिन का इन्तजार करना पडा है।

# बकारा ईद आज पूरे जिले मे शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जायेगा त्यौहार

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मुस्लिम समाज का त्यौहार बकारा ईद आज पूरे जिले मे शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। पन्ना जिला मुख्यालय मे सुबह 08:30 बजे नामाज आद की जायेगी। तत्पश्चात् ईद का त्यौहार मनाया जायेगा।

# शाहनगर मे वर्षो से जमें उपयंत्रीयो द्वारा किया जा रहा भारी भ्रष्टाचार



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जनपद पंचायत शाहनगर की ग्राम पंचायत बोरी सलैया फेरन सिंह गजंदा सहित अन्य पंचायत में वर्षो से पदस्थ उपयंत्री द्वारा व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इनके द्वारा पंचायतो को अपने स्तर से संचालित किया जा रहा है। परिजनो, रिस्तोदारो के नाम वेन्डर बनाकर मटेरियल की राशि भुगतान करा ली जाती है तथा सरपंच एवं सचिव के साथ मिलकर फर्जी मस्टर रोल जारी कर मजदूरी की राशि भी निकलवा ली जाती है। जबकी वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायतो मे मनरेगा से संचालित कार्यो मे स्थानीय लोगो को मजदूर का कार्य नही मिल राह है। जिससे लोग महानगरो के लिए पलायन कर रहें है। ग्रामीण क्षेत्रो मे आधे से अधिक लोग मजदूरी की तलास मे महानगरो मे कार्य करने के लिए मजबूर है। तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा देश के लिए सबसे बडी योजना मनरेगा प्रारंभ की गई थी। जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायत क्षेत्रो मे ही स्थानीय लोगो को मजदूरी का कार्य मिले तथा वह बाहर जाने के लिए मजबूर न हों। लेकिन योजना तो चल रही है गरीब मजदूरो को उक्त योजना का लाभ नही मिल रहा है। प्रतिदिन हजारो मजदूर काम की तलाश मे पलायन कर रहें है। उक्त योजना से ग्रामीण विकास विभाग से जुडे अधिकारीगण उपयंत्री, सहायकयंत्री, सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, संपन्न हो रहें है तथा मजदूर वर्ग पूर्व की तरह ही मजदूरी के लिए परेशान है।

# जहां पर भी जल स्रोत है उनको संरक्षित रखने का काम करें, यह हमारे लिए बहुत ही उपयोगी-विधायक जयंत मलैया

**-जनमानस ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर जन भागीदारी से श्रम-परिश्रम करके तालाब के घाट से कचरा, खाद, पॉलिथीन निकालने का काम किया-कलेक्टर श्री कोचर**

**-साथी हाथ बढ़ाना गीत की धुन पर कार्य करते हुए संकल्प लिया बेलाताल होगा बेमिसाल, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बेलाताल की हुई सफाई**







**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 16 जून । जल और जल स्रोतों की संरक्षण का संदेश देने के लिए एक आवाज के साथ हजारों हाथ उठे जिन्होंने लगभग 2 घंटे से अधिक श्रमदान किया। साथी हाथ बढ़ाना गीत की धुन पर कार्य करते हुए संकल्प लिया बेलाताल होगा बेमिसाल।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप दमोह विधायक जयंत मलैया सहित जनप्रतिनिधि, आमजन विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं संगठन स्कूली छात्र, मातृशक्ति विभिन्न सामाजिक संगठनों ने आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रातः 7 बजे से सफाई अभियान बेलाताल में चलाया, जो कि शहर के मध्य स्थित है शहर की शान है, सभी लोगों ने सफाई में अपनी भागीदारी कर शहर के लोगों को एक संदेश दिया कि यह हृदय स्थल पर स्थित बेलाताल हमारी आन-बान और शान है, यहां पर ऐसे लोग काम कर रहे थे जो की कभी इस तरह के काम करते नहीं देखे जाते हैं, प्रदेश के मुख्यमंत्री की एक अपील पर जिले में कुआ, बावड़ी, तालाबों की साफ-सफाई जल संवर्धन के कार्य लगातार हो रहे हैं, आज बेलाताल का नजारा ही कुछ ऐसा था कि हर आदमी जोश में काम कर रहा था, गंदगी को उठाकर फावड़ो के माध्यम से ट्रैक्टरों पर भेजा जा रहा था। इस कार्य को देखकर निश्चित ही लगता है कि अब यह बेलाताल साफ सुथरा और स्वच्छ होगा। इस दौरान दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर , विभिन्न समाजसेवी, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों, एनसीसी, एनएसएस, अधिकारियो-कर्मचारियो ने एक साथ हाथ बढ़ाते हुए पवित्र कार्य में सहभागी बने।

इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा प्रदेश के सभी जगह पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया है। जितने भी जल स्रोत है उनको संरक्षित किया जाए, उनका उन्नयन किया जाए। इसी तारतम्य में बेलाताल की सफाई की जा रही हैं, यह कार्यक्रम लगातार चल रहा है, लोगों ने बहुत जबरदस्त सहभागिता निभाई है। यदि कुछ दिन तक बारिश नहीं होती है तो यह पूरा तालाब साफ हो जाएगा और यह निश्चित रूप से सभी लोगों की बड़ी उपलब्धि होगी।

उन्होंने जनमानस को संदेश देते हुए कहा जहां पर भी जल स्रोत है उनको संरक्षित रखने का काम करें, यह हमारे लिए बहुत ही उपयोगी है। श्री मलैया ने कहा करीब 30-32 साल पहले मैंने बेलाताल, फुटेरा तालाब और पुरैना तालाब तीनों तालाबों का गहरीकरण कराया था उसी समय घाट बने थे और पिचिंग भी हुई थी।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर 5 जून से 16 जून चलाया जा रहा है, इस अभियान का आज आखिरी दिन है, इस अभियान के आखिरी दिन को एक ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए बेलाताल में सफाई अभियान चलाया गया है, बेलाताल में एक तरफ पोकलेन मशीनों और जेसीबी मशीनों से गाद निकालने का काम हो रहा है और दूसरी तरफ शहर के जनमानस ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर जन भागीदारी से श्रम-परिश्रम करके तालाब के घाट से कचरा, खाद, पॉलिथीन निकालने का काम किया है। उन्होंने कहा आज मुझे बहुत खुशी है यहां पर जिले के जनप्रतिनिधि, सभी समाजों के लोग, सभी संगठनों के लोग, आम जनता, पर्यावरण प्रेमी एकत्रित हुए हैं। आज लगभग 2 घंटे का सफाई अभियान चलाया है। कलेक्टर श्री कोचर ने जिला प्रशासन की ओर से जिले की जनमानस, सामाजिक संगठनों, धार्मिक-आध्यात्मिक संगठनों को धन्यवाद देते हुए कहा आप लोग इतनी बड़ी संख्या में जुटे और यहां पर सफाई का काम किया है। आगे हमारा काम यह है कि बेलाताल बेमिसाल बने, अभी जो कारवा शुरू हुआ है, वह रुकना नहीं चाहिए इसके लिए सबसे पहले हम मशीनों के माध्यम से और मैनपॉवर के माध्यम से जितनी सफाई यहां पर कर सकते हैं तेजी से करायेंगे, ताकि आने वाली बारिश का पानी यहां पर स्वच्छ रहे। उन्होंने कहा जैसा कि यहां के नागरिक बताते हैं कि हमारे दादा-परदादा यहां के पानी का आचमन किया करते थे, हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि हम इस तालाब को उसरूप में लाकर के फिर से खड़ा कर सकें।

कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने कहा दमोह विधायक सहित सारे जनप्रतिनिधि आज सुबह से ही यहां पर उपस्थित रहे। विधायक जी 7 बजे उपस्थित हो गए थे और उन्होंने सुबह 7 बजे से ही काम करना शुरू कर दिया था। मैं उनके प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं, मीडिया के साथियों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने सुबह से ही पूरे कार्यक्रम को कवर किया है। लोगों ने खुले मन से यहां पर काम किया है, परवाह नहीं की है कि हाथ पैर गंदे हो रहे हैं, व्यवस्थाएं कैसी हैं, इन सभी की परवाह किए बगैर काम किया है। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा यदि इस कार्यक्रम में आप लोगों को कोई असुविधा हुई हो, हम इसको और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। ये बहुत अच्छी टीम बन गई है, आगे आने वाले समय में आप सभी के सहयोग से और भी सामाजिक चेतना के कार्यक्रम इस तरह से चलते रहेंगे।

कलेक्टर श्री कोचर ने जनता को संदेश देते हुए कहा की जनता की आस्था को हम स्वीकार करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है की इस तरह से यहां पर गंदगी डाली जाए। एक पक्ष यहां पर गंदगी डालता रहे और एक पक्ष यहां से गंदगी साफ करता रहे, यह संस्कृति बिल्कुल आध्यात्मिक संस्कृति नहीं है, जितने देवी-देवता पूज्य हैं उतने ही नदी और तालाब भी हमारे लिए पूजनीय है। उन्होंने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि बेलाताल में कचरा बिल्कुल ना डालें। आगे चलकर कुछ ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है की जनता को निर्माल्य डालने की व्यवस्था हो और यदि यहां पर कोई कचरा डालता है तो उनके ऊपर जुर्माना किया जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जल्दी ही हम पॉलिथीन बैन करने की तरफ और थैले और झोले के उपयोग के प्रोत्साहन की तरफ कदम बढ़ाने वाले हैं। यह कल्चर का प्रश्न है, आदतों का प्रश्न है, यह एक रात में ठीक नहीं हो सकता है, इसलिए धीरे-धीरे इसे आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे ताकि आगे जो त्यौहार आने वाले हैं, उन त्योहारों में इस तरह की चीज बिल्कुल ना हो।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप दमोह शहर के जनप्रतिनिधि, आमजन विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं, संगठन स्कूली छात्र, मातृशक्ति विभिन्न प्रकार के सामाजिक संगठनों ने आज गंगाजल संवर्धन अभियान के तहत प्रातः 7 बजे से सफाई अभियान बेलाताल जो कि शहर के मध्य स्थित है शहर की शान है सभी लोगों ने सफाई में अपनी भागीदारी कर शहर के लोगों को एक संदेश दिया कि यह हृदय स्थल पर स्थित बेलाताल हमारी आन बान और शान है यहां पर वैसे लोग ऐसे लोग काम कर रहे थे जो की कभी इस तरह के काम करते नहीं देखे जाते हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री की एक अपील पर जिले में कुआ बावड़ी तालाबों के साफ-सफाई जल संवर्धन के कार्य लगातार हो रहे हैं आज का बेलाताल का नजार ही कुछ ऐसा था कि हर आदमी जोश में काम कर रहा था गंदगी को उठाकर फावड़ो के माध्यम से ट्रैक्टरों पर भेजा जा रहा था, इस कार्य को देखकर निश्चित ही लगता है कि अब यह बेलाताल साफ सुथरा और स्वच्छ होगा।

***सफाई अभियान के दौरान मातृशक्ति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने निभाई अपनी सहभागिता***

सफाई अभियान में मातृशक्ति, गायत्री परिवार दमोह, सिंधी समाज पंचायत दमोह, संत निरंकारी सत्संग मंडल दमोह, हरे माधव परमार्थ समिति दमोह, ब्राम्हण समाज जिला दमोह, साहित्यकार परिवार, जिला लोधी समाज दमोह, कुर्मी क्षत्रिय समाज दमोह, जैन युवा पंचायत दमोह, माझी समाज दमोह, अहिरवार सूर्यवंशी जाटव समाज, कायस्थ समाज दमोह, कल्चुरी समाज दमोह, सोनी समाज दमोह, चौरसिया समाज दमोह, वैश्य समाज दमोह, विश्वकर्मा समाज दमोह, असाटी समाज दमोह, सेन समाज दमोह, कुशवाहा समाज दमोह, जैन मिलन शाखा दमोह, रजक समाज, प्रजापति समाज, केसरवानी समाज दमोह, कोरी समाज जिला दमोह, बाल्मीकि समाज दमोह, चक्रवर्ती समाज जिला दमोह, युवा व्यापारी संघ, बजरंग सर्वे कल्याण समिति दमोह, मुक्ति नाट्य मंच, बेलाताल स्वछता टीम दमोह बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन, किसान संघ जिला दमोह, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारिगण, नगर विकास समिति दमोह, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दमोह ,नगर पालिका के पार्षद गण,पदाधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह, जल निगम , एनसीसी ,एनएसएस कैडेट्स के अलावा जन अभियान परिषद दमोह से जुड़े स्वयं सेवक साहित अन्य समाजिक संघटनो के पदाधिकारी और पर्यावरण प्रेमी, अधिकारी- कर्मचारी, सम्मानिय मीडिया जन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों हेतु शारीरिक नापखोज एवं प्रवीणता टेस्ट 02 से 07 जुलाई तक

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ~ 16 जून। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 25 मई से 20 जून 2023 तक परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया गया है। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी पदों हेतु सफल अभ्यार्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापखोज एवं प्रवीणता टेस्ट होगा जो जेल विभाग स्वयं लेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापखोज एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में 02 से 07 जुलाई 2024 तक आयोजित किया जाएगा, जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की बेवसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है। सफल अभ्यार्थी बेवसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापखोज एवं प्रवीणता टेस्ट हेतु उपस्थित हो सकेंगे।

ज्ञातव्य है कि सहायक जेल अधीक्षक के 33 पद एवं जेल प्रहरी के 200 पदों हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा क्रमशः 414 एवं 2264 अभ्यार्थियों को द्वितीय चरण हेतु पात्र पाया गया है, जिनका द्वितीय चरण में शारीरिक नापखोज एवं प्रवीणता टेस्ट लिया जाना है। शारीरिक नापखोज एवं प्रवीणता टेस्ट में योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों में से मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल अंतिम चयन सूची जारी करेगा, जिन्हें जेल विभाग द्वारा प्रहरी के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

# कलेक्टर की अपील विजय राघवगढ़ अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई ने किया खितौली मे कार्यशाला का आयोजन

## सर्पदंश एवं जहरीले कीड़े के काटने पर झाड़ फूंक का सहारा ना लें, उपचार हेतु एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन से मरीज को बचाएं,ग्रामीणों को किया जागरूक



**मनोज सिंह**

परिहार गर्जना कटनी - विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खितौली मे ग्रामीणों के बीच कार्यशाला का आयोजन किया गया। कटनी कलेक्टर श्री प्रसाद के मार्गदर्शन में विजयराघवगढ़ अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई ने खितौली मे कार्यशाला आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य तेज गर्मियों की वजह से सर्पदंश और जहरीले कीड़े के काटने की घटनायें अधिक हो रही है। शिक्षा और जागरूकता के अभाव मे ग्रामीण इलाके के लोग डॉक्टरों के पास जाने के बजाय झाड़ फूंक का सहारा लेते है जिससे पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। सर्पदंश का शिकार ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में खेती किसानी और मेहनत मजदूरी का काम करने वाले लोग होते है। इन्ही लोगों को समझाइश देने कलेक्टर श्री प्रसाद की पहल पर जिले मे पहली बार खितौली जैसे दूरस्थ जंगली क्षेत्रो के लोगों को जागरूक करने हेतु एंटी स्नेक बाइट जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमे विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ बी.के.सिंह दीखित द्वारा लोगों को सर्पदंश के प्रति जागरूक किया गया।

***कलेक्टर व एसडीएम की अपील***

कटनी कलेक्टर श्री प्रसाद के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई ने वर्तमान मे तेज गर्मी और इसके बाद बारिश शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों मे सर्पदंश की होने वाली घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए सावधानी बतौर नागरिकों से अपील है कि सर्पदंश या जहरीले कीड़े के काटने पर झाड़-फूंक से मरीज को ढीक कराने के चक्कर मे नहीं पड़ें,बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करने का लोगों से आग्रह किया है। कलेक्टर ने कहा है कि सांप के काटने पर झाड़-फूंक से नहीं बल्कि एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन पर्याप्त संख्या मे उपलब्ध हैं । इसलिए सर्पदंश पीड़ित को समय पर उपचार मिल जाये तो उसकी जान बचाई जा सकती है।

***गर्मियों मे सांप काटने के मरीज सबसे अधिक***

डाक्टरों के मुताबिक सांप काटने के केस ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक आते है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से आमजन की तरह जीव जंतु भी अधिक परेशान है। वे अपने बिलों से बाहर निकलते है और खेतों आदि में काम करने वाले लोग अनजाने में सर्पदंश का शिकार बन जाते है।

***जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचे***

डॉक्टरों का कहना है कि सांप अगर काट ले तो बिल्कुल भी देर नहीं करे और ना घबरायें। कोशिश करें कि जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचे। सांप कांटने वाली जगह पर किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें। उस जगह को कपड़े से भी न बांधे और न ही सांप के जहर को मुंह से बाहर निकालें।

***हर सांप विषैला नहीं होता***

काटने वाले सभी सांप विषैले नहीं होते है। इसलिए सर्पदंश पीड़ित को घबराना नहीं चाहिए। सामान्यत: जहरीले सांपों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते है। जबकि गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते है। परंतु ये निशान दिखाई नहीं देते है। इसलिए सांप के काटने पर निशान नहीं दिखाई देने पर यह सोचना गलत होगा कि सांप ने नहीं काटा है। सांप के काटने पर करीब- करीब 95 प्रतिशत मामलों मे पहला लक्षण नींद का आना है। इसके साथ ही निगलनें या सांस लेने मे तकलीफ होती है। आमतौर पर सांप के काटने के आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते है। इन सभी विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए महेश मंडलोई ने कहा की इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए लोगों को जागरूक कर जान बचाने का दायित्व सभी लोग निभाए।

***कार्यक्रम में उपस्थिति जन***

जागरूक कार्यशाला कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई वन विभाग पुलिस डाक्टरों की टीम तथा पंचायत सरपंच, गणमान्य नागरिकों महिलाओं की उपस्थिति मे कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# जिला पंचायत कटनी द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने हेतु किया गया पशुधन मेले का शुभारंभ



परिहार गर्जना कटनी - मध्य प्रदेश राज्य आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्व सहायता समूहों सदस्यों की आजीविका उन्नयन के लिए ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई एवं आजीविका मिशन योजना अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गेमावत के मार्गदर्शन में पान उमरिया गौशाला में जनपद पंचायत ढीमरखेडा में पशुधन क्रय मेला का आयोजन किया गया । कार्यक्रय के मुख्य अतिथि विधायक बडवारा, जिला अध्यक्ष भाजपा दीपक टंडन,कलेक्टर श्री प्रसाद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गेमावत, जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रिया सिंह, श्रीमती कविता पंकज राय द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया श्री गेमावत द्वारा मंच के माध्यम से बताया गया कि आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित स्व-सहायता। समूह को आत्मनिर्भर बनाने के उदेश्य से आजीविका उन्नयन मद अन्तर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना द्वारा प्रदाय राशि से गतिविधि में शामिल 52 समूह 251 गतिविधि में शामिल समूह सदस्य 251 जिसमें 279 पशु क्रय किये जाने का प्रावधान रखा गया है। जिसमें 20 भैसों का क्रय करते हुये मेला आयोजन किया गया है मेले में आई भैसों का इन्सोरेस कराया जायेगा स्व-सहायता समूह की सदस्यो को दुग्ध संद्य जबलपुर से समन्वयक से मिल्क रूड का भी कार्य कराया जायेगा जिससे स्व-सहायता समूह सदस्यो द्वारा आस पास के क्षेत्रो से दुग्ध का संग्रह कर दूध से निर्मित अन्य सामग्री बननाकर विक्रय किया जा सकता है जिससे समूहो का आर्थिक विकास होगा रोजगार के नये आयाम निर्मित होगे आगामी समय में 279 भैस आना शेष है जिसका क्रय कर उनका भी इन्सोरेंस कराया जायेगा मेले में उपस्थित दुग्ध संघ जबलपुर से आये श्री डी.पी.सिंह द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत द्वारा किए गए नवाचार में दुग्ध के सहयोग से सहकारी समिति जिसमें समूह सदस्यों को जोड़कर दुग्ध संघ अनुबंध करते हुए आहार बीज उपलब्ध कराया जाएगा । कार्यक्रम में विधायक बड़वारा धीरेंद्र बहादुर सिंह ने आयोजित मेले में अपने उद्बोधन में स्व सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने पशु क्रय मेला की सराहना की साथ ही पशुओं को हो रही बीमारियों की जांच हेतु पशु विभाग को किट प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन को कहा गया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा दीपक टंडन एवं कलेक्टर श्री प्रसाद, सुश्री प्रिया सिंह, श्रीमती कविता पंकज राय, जिला पंचायत सदस्य एवं मेले में उपस्थित अन्य जैन प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित मेले की सराहना की इसके उपरांत आदिवासी ग्राम करोपानी में आंगनवाड़ी का लोकार्पण विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा किया गया आंगनवाड़ी भवन एवं पार्क की सराहना करते हुए इसकी सुरक्षा करने तथा अपने बच्चों को आंगनबाड़ी में नियमित भेजने की अपील की इसके उपरांत करोपानी में जन धन प्रधानमंत्री आवासों का कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा निरीक्षण किया गया विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई इसी क्रम में ग्राम गौरा गौरी में पहाड़ में बसे आदिवासियों के आवागमन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निर्माण अधीन सुदूर सड़क का भी निरीक्षण किया गया जिसे कलेक्टर द्वारा पूर्ण करने हेतु निर्माण एजेंसी ग्रामीण यंत्र की सेवा संभाग कटनी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशों के तहत पुलिस लाइन परिसर में लगाया विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 201 लोगों की गई जांच

परिहार गर्जना कटनी -पुलिस लाइन परिसर में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस विभाग की अनियमित दिनचर्या एवं एक बड़े तबके का कंप्यूटर पर लगातार कार्य होने से अनजाने में ही पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अस्वस्थ हो जाते है। इस बात की मद्देनज़र रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के तहत प्रभारी साइबर सेल संदीप अयाची एवं रक्षित निरीक्षक कटनी संध्या राजपूत के समग्र प्रयासों के चलते निन्शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन पुलिस लाइन में कराया गया। निन्शुल्क स्वास्थ शिविर में विशेष रूप से देवजी नेत्रालय डॉ. पवन स्थापक जबलपुर की टीम में डॉ. अमित देशपांडे, डॉ. विमल विश्वकर्मा, डॉ. किशन बर्मन उपस्थित थे। साथ ही कटनी शासकीय अस्पताल से डॉ. मुकेश भारती हड्डी रोग विशेषज्ञ ,डॉ. राममणि पटेल नेत्र रोग विशेषज्ञ ,डॉ. पियूष त्यागी मेडिसिन विशेषज्ञ उपस्थित हुये, विशेष रूप से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक शर्मा भी उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निन्शुल्क शिविर आयोजन करने की जरुरत के विषय में प्रकाश डाला और बताया। शहर के समाजसेवी सोनू नागवानी द्वारा पैथोलॉजी, ईसीजी,ग्लुको मीटर की फ्री चेकअप व्यवस्था कराई, साथ ही कटनी पुलिस कर्मियों को 50 प्रतिशत पैथोलॉजी जाँच में छूट की बात कही। शिविर में उपस्थित समस्त डॉक्टरों से पुलिस अधीक्षक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। सुबह 11 बजे से 5 बजे तक चले शिविर में शहर व ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं उनका बल उपस्थित था। कुछ पुलिस कर्मियों के परिजन उपस्थित हुए। जिन्होंने शिविर की विभिन्न जांचो का लाभ लिया। पुलिस अधीक्षक सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,तीन डीएसपी,6 निरीक्षक, 12 उप निरीक्षक,सामान्य जन,पत्रकार,चौकी, थाना,पुलिस अधीक्षक कार्यालय,कलेक्टर कार्यालय सहित 201 लोगों की आंख, हृदय, हड्डी रोग इत्यादि सहित ईसीजी व सुगर,बीपी की टेस्टिंग की गई। जांच के दौरान कुछ लोगों को मोतियाबिंद निकाला जिनका फ्री ऑपरेशन देव जी नेत्रालय जबलपुर में किया जाएगा। निशुल्क नेत्र शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में प्रभारी साइबर सेल संदीप अयाची, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, सूबेदार उमेश दुबे, उप निरीक्षक उदयभान मिश्रा, साइबर सेल, पुलिस लाइन व साइबर सेल के समस्त स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।



## कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्योधोग पर लगाया प्रतिबंध,आदेश के उल्लंघन पर होगी 1 वर्ष की सजा और 5 हजार का जुर्माना

परिहार गर्जना कटनी - कलेक्टर श्री प्रसाद ने वर्षा ऋतु में मछलियों के वंश वृद्धि प्रजनन काल को दृष्टिगत रखते हुए उन्हे संरक्षण देने हेतु सभी प्रकार के जल संसाधनों में मध्यप्रदेश नदी मत्स्योद्योग नियम 1972की धारा3 (2)के तहत जिले में16जून2024से15अगस्त2024तक की अवधि के लिए बंद ऋतु के रूप में घोषित किया है। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय एवं मत्स्य विनिमय एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के उल्लंघन करने पर मत्स्य उद्योग अधिनियम के तहत एक वर्ष का कारावास या5हजार रूपए का जुर्माना अथवा दोनों प्रकार के दण्ड दिए जाने का प्रावधान है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदियों व जलाशयों से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लगाया गया है। उनको छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतुकाल के दौरान मत्स्योद्योग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। बंद ऋतुकाल में अवैधानिक मत्स्याखेट,मत्स्य परिवहन,क्रय व विक्रय इत्यादि गतिविधियाँ प्रतिबंधित रहेंगीं।



# कलेक्टर के प्रयासों से जुलाई महीने से शुरू हो जायेगी सेंट्रल लाईब्रेरी



छतरपुर। छतरपुर जिले के विद्यार्थियों एवं किताबें पढ़ने के शौकीन लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी नजदीक आ रही है। कलेक्टर संदीप जीआर के प्रयास से शहर के सिंचाई कॉलोनी क्षेत्र में पिछले तीन महीनों से चल रहा सेंट्रल लाईब्रेरी का निर्माण जुलाई में पूर्ण होने जा रहा है। लगभग ढाई एकड़ जमीन पर 4 करोड़ रूपए की लागत से बनने जा रही ये सेंट्रल लाईब्रेरी हजारों किताबों को संजोकर रखेगी जहां पढ़कर विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकेंगे।

***ऐसी होगी हमारी विकसित लाईब्रेरी***

कलेक्टर के प्रयास से छतरपुर को जो सेंट्रल लाईब्रेरी प्राप्त हुई है वह महानगरों में होने वाली सुविधा के अनुरूप होगी। स्तूपनुमा आकार में निर्मित हो रही दो मंजिला लाईब्रेरी में कई कमरे होंगे जहां अलग-अलग विषय पर आधारित हजारों किताबें उपलब्ध होंगी। ये किताबें विद्यार्थियों सहित उन लोगों के लिए भी उपयोगी होंगी जिन्हें सिविल सर्विस परीक्षा या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी होती है। विज्ञान, धर्म, आध्यात्म, तकनीक, सामान्य ज्ञान, अंतर्राष्ट्रीय ज्ञान पर आधारित इन किताबों को पढ़ने के लिए लाईब्रेरी के मध्य में एक विशाल हॉल होगा साथ ही लाईब्रेरी के बाहर एक पार्क का निर्माण भी किया जा रहा है जहां बैठकर लोग ये किताबें पढ़ सकेंगे। लाईब्रेरी की सुरक्षा के लिए सीसीटीव्ही कैमरे एवं रिकार्ड संधारण के लिए कम्प्यूटर कक्ष भी उपलब्ध होगा। पीडब्ल्यूडी से मिली जानकारी के मुताबिक जुलाई महीने तक यह लाईब्रेरी शिक्षा विभाग को हस्तांतरित कर दी जाएगी।

# खजुराहो के सभी मंदिरों में हवन यज्ञ एवं पूजन की शीघ्र आवश्यकता है

## जैन मुनियों का खजुराहो में चतुर्मास शुभ संकेत लेकर आता है - पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री





**तुलसीदास सोनी**

खजुराहो। खजुराहो के त्रिलोखर धाम में गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर हुए पंच कुडिय महायज्ञ में द्मुख्य यजमान नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी सपत्नीक् रहे तथा यज्ञ में समरसता देखते हुए सभी धर्म एवं जाती के लोगो ने यज्ञ में आहुति दी।

बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने त्रिलोखर धाम के सभी मंदिरों के दर्शन कर गायत्री माता की आरती की तत्पश्चात खजुराहो एयरपोर्ट से बद्रीधाम के लिए प्रस्थान किया, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा ने यज्ञ में पधारें सभी संतो का शॉल एवं श्री फल से स्वागत कर आभार प्रकट किया। पूज्य संतो में जगन्नाथ पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद जी महाराज के बुंदेलखंड में परम शिष्य राजेश्वर नंद सरस्वती जी महाराज, 108 श्री हरिहर महाराज, चोपरिया सरकार के महंत प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर श्रद्धांलुओं को आशीर्वाद दिया , कार्यक्रम की आयोजक गायत्री परिवार की श्रीमती वर्षा चतुर्वेदी ने हवन पूजन एवं यज्ञ शाला का संचालन किया। प्रसाद वितरण एवं जल व्यवस्था को सुचारु रूप से परिवर्तन एनजीओ के राकेश मीना रजोरिया, कीथ ओसमंड एवं वीरू सीगोत ने किया। कार्यक्रम में एसडीओपी डॉ सलिल शर्मा, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक गौतम, रिलायंस क्लब के अध्यक्ष अविनाश तिवारी, ग्रीन आर्मी के देवेंद्र चतुर्वेदी, बुंदेलखंड कोऑपरेटिव बैंक के एमडी विकास चतुर्वेदी, गायत्री परिवार छतरपुर से श्री तरुण बाजपेयी, श्री श्याम बिहारी श्रीवास्तव, श्री मनीष दोसाज , श्री महेश पटेल, गायत्री परिवार राजनगर से कामता अग्रवाल, श्री कृष्ण सोनी, गायत्री परिवार लव कुश नगर से शिवपूजन अवस्थी, श्री मतंगेश्वर सेवा समिति से लड्डू रैकवार, राज सिंह परमार, कार्तिक शिवहरे, खुशी राजे, रेखा राज, लकी सिंह बुंदेला, तथा बागेश्वर शिष्य मण्डल के संदीप सोनी, वेदराज माखन, जैन समाज से शांत जैन, योगेश जैन, संजय जैन तथा राजनगर विधानसभा एवं चंदला विधानसभा के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धांलु त्रिलोखर धाम पहुचे।

# शराब के नशे में जिला अस्पताल में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

## 4 घंटे बाद पहुंची पुलिस तब तक आरोपी भाग चुके थे

छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत शनिवार की रात जिला अस्पताल में शराब के नशे में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। यह घटना जिला अस्पताल की चौथी मंजिल पर भर्ती एक मरीज के परिजनों और कुछ शराबियों के बीच हुई है। बताया गया है कि मरीज के परिजन रात करीब साढ़े 11 बजे लिफ्ट से ऊपर जा रहे थे, उसी लिफ्ट में तीन शराबी भी थे जिनके द्वारा मरीज के परिजनों से अभद्रता की गई और इसके बाद विवाद शुरु हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक जा पहुंची। शराबियों के द्वारा मरीज के परिजनों के साथ जमकर मारपीट की गई। इस दौरान अस्पताल के गार्ड विवाद को रोकने का काफी प्रयास करते रहे लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। घटना की सूचना दिए जाने के बाद पुलिस को जिला अस्पताल पहुंचने में 4 घंटे का समय लगा, तब तक आरोपी मौके से भाग चुके थे। इस मारपीट के वीडियो मरीज के परिजनों के पास हैं, जो उनके द्वारा पुलिस को दिए गए हैं।

# पठा चौकी क्षेत्र में दो अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी

## एक बिहार का तो दूसरा महोबा जिले का निवासी



लवकुशनगर। लवकुश नगर अंतर्गत आने वाली पठा चौकी में दो अज्ञात शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि मृतक दीपक भट्ट पिता भारत गोसाईं उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है जो कि बिहार राज्य के आरा जिले का रहने वाला है। रेलगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। करीब डेढ़ दिन तक व्यक्ति का शव पटरी पर पड़ा रहा है जिससे जानवरों ने व्यक्ति के शरीर को नोच नोच कर खा डाला। गांव में दुर्गंध फैलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के बैग में पड़े आयकर विभाग और आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त की गई।

वहीं दूसरा मामला हीट वेव का हैं जहा 60 वर्ष के एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। यह अज्ञात व्यक्ति मिढ़का से दौनी ग्राम के रास्ते में मृत पाया गया। यह व्यक्ति महोबा जिले का रहने वाला बताया जा रहा है। पठा चौकी प्रभारी संजय पांडे ने मौके पर जाकर दोनो व्यक्तियों के शव को बरामद कर पंचनामा तैयार कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है जहां से बिहार के दीपक भट्ट को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। एक अन्य व्यक्ति की पहचान की जा रही है।

# बाजार का अतिक्रमण हटाने एसडीएम ने ली व्यापारियों की बैठक

## 20 जून तक स्वतः अतिक्रमण हटा लें व्यापारी वरना सख्त कार्रवाई होगी




छतरपुर। रविवार को शहर के तहसील कार्यालय में एसडीएम अखिल राठौर द्वारा व्यापारी संघ के साथ बैठक कर स्वत: अतिक्रमण हटाने की अपील की गई है। बैठक में एसडीएम ने निर्देश दिए हैं कि बाजार क्षेत्र के सभी व्यापारी 20 जून तक दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटा लें, अन्यथा 20 तारीख के बाद प्रशासन द्वारा सख्ती से अतिक्रमण हटवाया जाएगा और सामान जब्त कर संबंधित दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने बताया कि आज व्यापारियों के साथ बैठक कर अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी गई है, यह प्रयास शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने के लिए किया जा रहा है। वहीं यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत ने बताया कि दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण कारण बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रहती है, जिस कारण से लोगों को निकलने में परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ हाथ-ठेलों पर सामग्री विक्रय करने वालों के लिए भी स्थान निर्धारित किया जा रहा है। बैठक में व्यापारी लालू लालवानी, आनंद अग्रवाल, हाजी शहजाद अली सहित बड़ी संख्या में शहर के व्यापारीगण मौजूद रहे।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321